<u>प्रेस विज्ञप्ति</u>

हिन्दुस्तान कॉलेज (शारदा ग्रुप) में श्रीराम ग्रुप ऑफ कंपनीज़ ने 29 छात्रों का चयन किया

उत्तर भारत के प्रतिष्ठित शिक्षा समूह **''शारदा शिक्षा समूह''** के प्रतिष्ठित संस्थान हिन्दुस्तान कॉलेज ऑफ साइंस एण्ड टैक्नोलॉजी में योग्य **450 एम.बी.ए. और बी.टैक के** छात्र–छात्राओं का **विभिन्न कंपनियों में** चयन हो चुका है। इसमें शारदा ग्रुप के हिन्दुस्तान कॉलेज ऑफ साइंस एण्ड टैक्नोलॉजी, आनंद इंजीनियरिंग कॉलेज, कीथम आगरा, हिन्दुस्तान इंस्टीटयूट ऑफ टैक्नोलॉजी एण्ड मैनेजमेंट, आगरा एवं एच.आई.एम.सी.एस. के छात्र–छात्राऐं शामिल हैं।

अभी हाल ही में कैंपस चयन प्रक्रिया के दौरान श्रीराम ग्रुप ऑफ कंपनी ने 29 छात्र–छात्राओं का चयन किया। इस चयन प्रक्रिया के दौरान शारदा ग्रुप के सभी कॉलेजों के अलावा ईशान कॉलेज, मथुरा, जी.एल.ए. कॉलेज, मथुरा एवं आर.बी.एस. कॉलेज, आगरा के लगभग 230 छात्रों ने भाग लिया।

श्रीराम ट्रांसपोर्ट फाइनेंस कंपनी सीमित वाणिज्यिक वाहन वित्त में भारत की सबसे बड़ी अग्रणी कंपनी है। इस कंपनी की स्थापना 1979 में की गई थी। कंपनी की 1400 शाखा एवं 75 ग्रामीण केंद्रों का नेटवर्क है। यह भारत में सबसे बड़ी परिसंपत्तियों के वित्तपोषण एनबीएफसी हैं। श्रीराम ट्रांसपोर्ट के पास पूर्व स्वामित्व वाले ट्रकों और छोटे ट्रक मालिकों के वित्तपोषण की जगह वित्तीय सेवाओं, वाणिज्यिक वाहन वित्तपोषण व्यापार, उपभोक्ता वित्त, स्टॉक ब्रेकिंग और वित्तीय उत्पादों के वितरण और म्युचुअल फंड की इकाइयों में एक महत्वपूर्ण स्थान है। इसके साथ 30 साल का व्यवसाय ट्रैक रिकॉर्ड है। कंपनी व्यावसायिक वाहन व्यवसाय के लिए अग्रणी संगठित वित्त प्रदाता है। विदित रहे कि देश में 80ः ट्रकों को श्रीराम ट्रांसपोर्ट द्वारा वित पोषण किया गया है।

चयनित छात्रों को दीर्घकालिक कैरियर और विकास के अवसरों के साथ कंपनी की विभिन्न शाखाओं में तैनात किया जाएगा।

इस अवसर पर छात्रों को बधाई देते हुए प्लेसमेंट टीम के डायरेक्टर ट्रेनिंग एण्ड प्लेसमेंट श्री सुदीप्ता चौधरी ने प्लेसमेंट टीम के प्रयासों की सराहना की। चयनित छात्रों को बधाई देते हुए उन्होंने कहा कि इस साल बजाज कोर्प, टी.सी.एस., टॉरी हैरिस, हिटाची कंसल्टेंट, कैपीटल वाया, वी.वी. डी.एन., जारो एडूकेशन, कैपजैमिनाई, एन.टी.टी. डाटा, लॉरेंट बैंनन आदि ने हमारे परिसर से नियमित प्लेसमेंट किया है, और शारदा ग्रुप के प्रशिक्षित छात्र एवं छात्रायें अपने विषय, ज्ञान–कौशल में उच्च सम्मान रखते हैं। कंपनियॉं अपेक्षाकत बड़ी और स्थिर है, जो दीर्घकालिक कैरियर के अवसर प्रदान करती हैं। श्री चौधरी के अनुसार इसके अलावा हाल ही में जैनपैक्ट एवं टैलीपरफॉर्मेंस में भी क्रमशः 14 एवं 9 छात्र चयनित हुये हैं।

शारदा ग्रुप के वाइस चेयरमैन श्री वाई. के. गुप्ता, कार्यकारी अध्यक्ष श्री प्रदीप माहथा, अधिशासी निदेशक प्रो. वी. के. शर्मा ने सभी चयनित छात्र–छात्राओं को उनके चयन पर बधाई दी साथ ही ट्रेनिंग एण्ड प्लेसमेंट विभाग की मेहनत को सराहा।